मुख्यमंत्री ने विहिप के पूर्व अध्यक्ष अशोक सिंहल के जन्म शताब्दी वर्ष का किया उद्घाटन

आमंत्रण देने के बावजूद प्राण प्रतिष्ठा में नहीं पहुंचे कांग्रेसी-सपाई : योगी

संबोधन

लखनऊ, विशेष संवाददाता। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि राम मंदिर के शिलान्यास व रामलला के प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम में आमंत्रण के बावजूद कांग्रेसी व सपाई नहीं गए क्योंकि उन्हें वोट बैंक दिखाई देता था। इन्हें भय था कि कहीं जालीदार टोपी छिटक न जाए। मुख्यमंत्री ने चेताया कि रामकाज में कालनेमि भी घुसेंगे, इनसे सावधान रहने की आवश्यकता है।

मुख्यमंत्री रविवार को विहिप के पूर्व अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक सिंहल के जन्मशताब्दी वर्ष के उद्घाटन अवसर पर जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर गोमतीनगर विस्तार में एक स्कूल में समारोह में अशोक सिंहल पर डॉक्यूमेंट्री भी दिखाई गई। योगी ने कहा कि अशोक सिंहल ने श्रीराम जन्मभूमि के 'प्राण' के रूप में अपना जीवन समर्पित किया था। उन्होंने जो ज्वाला प्रज्ज्वलित की थी, वह रामजन्मभूमि के लिए नहीं है, बल्कि हर मानबिंदु की प्राण प्रतिष्ठा के लिए है।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को लखनऊ में अशोक सिंहल जन्मशती समारोह का उद्घाटन किया।

80 के दशक में सिंहल ने हिंदू समाज के संवर्धन की ज्योति जलाई

सनातन को समर्पित थे

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि सिंहल जी ने जिस ज्योति को 1980 के दशक में प्रज्ज्वलित किया था, वह ज्वाला बनकर सकल हिंदू समाज के संरक्षण व संवर्धन के लिए अहर्निश लगी हुई है। काशी हिंदू विवि से इंजीनियरिंग करने के दौरान वह आरएसएस के संपर्क में आए। उन्होंने देश व सनातन धर्म के लिए जीवन समर्पित कर दिया। हिंदू समाज को अशोक सिंहल एक मंच पर लेकर आए। उन्होंने राम मंदिर आंदोलन में बिखरे हुए समाज को एकजुट किया। उनका सपना अब भव्य राम मंदिर के रूप में दिख रहा है।

यूपी में 16 लाख गायों का संरक्षण कर रही सरकार

गोरक्षा पर चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले यूपी में अवैध बूचड़खानों में गोमाता कटती थी। 2017 में ये बूचड़खाने बंद हो गए। उप्र में सर्वाधिक सख्त कानून बनाया गया और 7700 से अधिक गोशाला का निर्माण कराया गया। हम यहां 16 लाख गायों का संरक्षण कर रहे हैं। हर गाय के संरक्षण के लिए हर महीने 1500 रुपये देते हैं।

बाबर के भक्तों की साजिशों को नाकाम करेंगे: मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि रामद्रोही अयोध्या को बदनाम करने में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ते। उन्होंने बजरंगियों को चेताया कि रामकाज में कालेनमि भी घुसेंगे, इनसे सावधान रहना। बाबर के भक्त आपको अपमानित करने का प्रयास करेंगे, लेकिन बजरंग बली के भक्तों को इनकी साजिश सफल नहीं होने देना है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि रामजन्मभूमि का मामला जब न्यायालय में पहुंचा तो अशोक सिंहल की टीम में तथ्यों व प्रमाण के साथ अधिवक्ता, पुरातत्वविद, विषय विशेषज्ञ होते थे तो दूसरी तरफ कांग्रेस, सपाइयों व वामपंथियों के अनर्गल प्रलाप व झूठे तथ्य होते थे। वे साजिश करते थे।

मुख्यमंत्री ने बजट खर्च में तेजी लाने के दिए निर्देश

समीक्षा बैठक

60 प्रतिशत कुल बजट का अगले दो माह में खर्च करना होगा

लखनऊ, विशेष संवाददाता। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वित्तीय वर्ष 2026-27 में बजट प्राविधानों के सापेक्ष वित्तीय स्वीकृतियां जारी करने और व्यय की गति तेज करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि वित्तीय वर्ष की पहली छमाही समाप्त हो रही है, ऐसे में जिन विभागों में बजट खर्च की गति अपेक्षित नहीं है, वहां तत्काल सुधार किया जाए।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि अगले दो माह में हर हाल में 70% वित्तीय स्वीकृतियां जारी हों और कुल आवंटित बजट के सापेक्ष कम से कम 60 प्रतिशत व्यय सुनिश्चित किया जाए। मुख्यमंत्री रविवार शाम को एक महत्वपूर्ण बैठक में वित्त मंत्री सुरेश खन्ना की उपस्थिति में चालू वित्तीय वर्ष के बजट प्राविधानों, वित्तीय स्वीकृतियों और वास्तविक व्यय की समीक्षा कर रहे थे। बैठक में 30 विभागों की समीक्षा की गई।

सीएम की 5 खास बातें

1. प्रदेश की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए बैंकों के क्रेडिट-डिपॉजिट अनुपात में सुधार पर भी जोर दिया जाए
2. प्रत्येक पात्र किसान को किसान क्रेडिट कार्ड का लाभ मिले
3. कार्यों में अनावश्यक देरी या गुणवत्ता में कमी पाए जाने पर संबंधित एजेंसी और जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाए
4. वित्तीय वर्ष 2026-27 में उत्तर प्रदेश का कुल बजट ₹9,99,056.48 करोड़ है। यह पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में ₹1,58,474.15 करोड़ अधिक है।
5. विकास योजनाओं के लिए 5,01,957.09 करोड़ के सापेक्ष अब तक ₹2,83,870.11 करोड़ का वास्तविक व्यय दर्ज किया गया है।

अधिकारी फील्ड में जाकर करें समीक्षा

मुख्यमंत्री ने सभी विभागाध्यक्षों और वरिष्ठ अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे फील्ड में जाकर विकास कार्यों की प्रगति की नियमित समीक्षा करें और जहां कार्यों की गति धीमी है, वहां तत्काल सुधार कराएं। वित्तीय वर्ष की शेष अवधि में विभाग अपने निर्धारित लक्ष्यों को समय से पूरा करें। विकास और जनकल्याण से जुड़ी योजनाओं के लिए धन की कमी नहीं होने दी जाएगी, लेकिन उपलब्ध बजट का प्रभावी, पारदर्शी और समयबद्ध उपयोग सुनिश्चित करना संबंधित विभागों की जिम्मेदारी है।

सियासत 30S

ग्राम पंचायत अफसरों को नियुक्ति पत्र आज

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार को पंचायती राज विभाग द्वारा नवचयनित 1,375 ग्राम पंचायत अधिकारियों को नियुक्ति पत्र बांटेंगे। कार्यक्रम का आयोजन इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में किया जाएगा। मुख्यमंत्री द्वारा मंच पर 11 नवचयनित ग्राम पंचायत अधिकारियों को सांकेतिक रूप से नियुक्ति पत्र प्रदान किए जाएंगे। कार्यक्रम में पंचायतीराज मंत्री ओम प्रकाश राजभर भी मौजूद रहेंगे।

वन रक्षक की परीक्षा में कम रही उपस्थिति

लखनऊ। उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा रविवार को वन रक्षक व वन्य जीव रक्षक तथा विधि विज्ञान प्रयोगशाला संयुक्त संवर्ग की परीक्षा हुई। वन रक्षक परीक्षा में 46.65% और विधि विज्ञान प्रयोगशाला संयुक्त संवर्ग में 62.06% उपस्थिति रही। वन रक्षक व वन्य जीव रक्षक भर्ती परीक्षा कानपुर नगर, अयोध्या व मुरादाबाद के 45 केंद्रों पर हुई।

आचार संहिता के उल्लंघन में मुकदमा हो: सपा

लखनऊ। सपा के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी को ज्ञापन देकर मंत्री कपिल देव अग्रवाल और मुजफ्फरनगर के जिला सेवायोजन अधिकारी पारूल सिंघल के खिलाफ आचार संहिता के उल्लंघन पर एफआईआर दर्ज कराने की मांग की है। केके श्रीवास्तव, डा. हरिश्चंद्र सिंह और राधेश्याम सिंह द्वारा मुख्य निर्वाचन अधिकारी को दिए ज्ञापन में कहा है कि कपिल देव अग्रवाल ने वृहद रोजगार मेला-2026 का उद्घाटन कर आचार संहिता का खुला उल्लंघन किया।

बारिश से बिजली की मांग में भारी कमी

लखनऊ। लगातार बारिश की वजह से पारे में आई गिरावट का असर बिजली की मांग पर भी दिखाई दे रहा है। बिजली की मांग में कमी की वजह से राज्य में 19 उत्पादन इकाइयां ठप कर दी गई हैं। इनकी कुल उत्पादन क्षमता 4281 मेगावॉट है। इसी सितंबर में जब मौसम में उमस थी तब बिजली की अधिकतम 29,127 मेगावॉट तक पहुंच गई थी। इतनी मांग की आपूर्ति न होने की वजह से कई दिनों तक पावर कॉरपोरेशन को ग्रामीण इलाकों में आपात कटौती भी करनी पड़ी थी।

यूपी से मदिरा निर्यात साढ़े तीन गुना बढ़ा

लखनऊ। मदिरा निर्यात में उत्तर प्रदेश ने लंबी छलांग लगाई है। यूपी से राष्ट्रीय औसत से साढ़े तीन गुना निर्यात बढ़ा है। जुलाई 2026 में उत्तर प्रदेश से बोतलबंद मदिरा का निर्यात 55.2 लाख अमेरिकी डॉलर पहुंच गया। यह पिछले वर्ष जुलाई के 29.1 लाख डॉलर की तुलना में 89.7 प्रतिशत अधिक है। समान अवधि में देश का समग्र निर्यात 25.7 प्रतिशत बढ़ा। इस तरह उत्तर प्रदेश ने राष्ट्रीय औसत से साढ़े तीन गुना वृद्धि दर्ज की है। जुलाई में राष्ट्रीय निर्यात में उत्तर प्रदेश की मासिक हिस्सेदारी 8.3 प्रतिशत से बढ़कर 12.5 प्रतिशत पहुंच गई है।

दिव्या मित्तल कल करेंगी अगले कदम की घोषणा

लखनऊ। यूपी कैडर की पूर्व आईएएस दिव्या मित्तल एक बार फिर चर्चाओं में हैं। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर अपने मन की बात साझा करते हुए लिखा है कि वे भविष्य में क्या कर सकती हैं। इसका खुलासा वह स्वयं मंगलवार को करेंगी। दिव्या मित्तल ने भविष्य को लेकर चार संभावित विकल्प सामने रखे हैं। उन्होंने लिखा है बच्चे छोटे हैं, अब घर, इसके बाद उन्होंने विदेश में नौकरी के विकल्प की ओर इशारा करते हुए लिखा, अच्छा पैकेज मिलेगा वापस विदेश। उन्होंने लिखा कि राजनीति को लेकर उन्होंने लिखा टिकट पक्का हो गया होगा तो राजनीति।

कर अधिकारी सेवा संघ ने डीपीसी की मांग की

लखनऊ। राज्य कर अधिकारी सेवा संघ ने विभाग के प्रमुख सचिव को पत्र देकर राज्य कर विभाग में लंबित पदोन्नतियों तथा एसीपी का लाभ दिलाने की मांग की है। संघ के अध्यक्ष दिव्येंद्र शेखर गौतम तथा महासचिव सुनील कुमार गौतम ने पत्र में कहा है कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में विभाग के अन्य पदों पर डीपीसी कराकर पदोन्नति आदेश निर्गत किए जा चुके हैं। इसके अदर डीसी से जेसी, एसी से डीसी तथा सीटीओ से एसी पर डीपीसी अभी लंबित है।

चुनाव आयोग निष्पक्ष रहे: अखिलेश

वार

लखनऊ, विशेष संवाददाता। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने चुनाव आयोग को निष्पक्ष रहकर काम करने की नसीहत देते हुए कहा कि उसकी बेईमानी खुल गई है। बेईमानी वैसे तो पहले से रही थी, लेकिन अब खुलकर सामने आई है। भाजपा ने खेल के साथ ही खेल कर दिया। उन्होंने कहा कि जो लोग मंदिर में चोरी कर सकते हैं, आस्थावान लोगों के पैसे चुरा सकते हैं, उनसे क्या उम्मीद कर सकते हैं।

गठबंधन की बैठक में पार्टी के वरिष्ठ नेता जाएंगे: अखिलेश ने रविवार को लखनऊ में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि सरकार बनने पर यश भारती सम्मान फिर शुरू करेंगे। सम्मान राशि 11 लाख से बढ़ाकर 21 लाख करेंगे। हर माह दी जाने वाली पेंशन राशि 50 हजार से बढ़ाकर एक लाख रुपये करेंगे।


आयोग की गड़बड़ी से 2022 में नहीं बनी सपा की सरकार

उन्होंने कहा कि सपा समर्थित वोटों को कटवाने के लिए भाजपा ने निजी लोगों को लगाकर फार्म-7 भरवाकर गांव-गांव भेजे। चुनाव आयोग ने शिकायतों के बाद भी कार्रवाई नहीं की। भाजपा और सरकार में बैठे लोग उसके पक्ष में बोल रहे हैं। पूरी की पूरी भाजपा वोट कटवाने के घोटाले में शामिल है। सपा मुखिया ने दो दिनों तक हुई बारिश के बाद भरे पानी पर आड़े हाथों लिया।

चुनाव आयोग साख बचाए

अखिलेश ने कहा कि चुनाव आयोग अपनी साख बचाए, शिकायतों पर कोई कार्रवाई नहीं की, अगर कर दी होती तो साख बच गई होती, हम लोगों ने सदन में कफन लेकर प्रदर्शन किया, इसके बाद भी चुनाव आयोग ने कोई सुनवाई नहीं की। अच्छा किया कि मुख्य चुनाव आयुक्त ने वाराणसी में जेन जी से मिलने का कार्यक्रम स्थगित कर दिया, नहीं तो जेनजी सवाल करते।

एसआईआर पर दुष्प्रचार बंद कर माफी मांगें :केशव

पलटवार

लखनऊ, विशेष संवाददाता। प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने रविवार को पत्रकारों से बात करते हुए विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर को लेकर विपक्षी दलों द्वारा की जा रही बयानबाजी पर कड़ा प्रहार किया।

उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग ने स्पष्ट कर दिया है कि एसआईआर से संबंधित निर्णय मुख्य निर्वाचन आयुक्त और दोनों निर्वाचन आयुक्तों की सर्वसम्मति से लिए गए हैं। राहुल गांधी, अखिलेश और ममता बनर्जी सहित विपक्ष के नेताओं द्वारा इस विषय पर की गई बयानबाजी के लिए उन्हें देश की जनता से माफी मांगनी चाहिए और दुष्प्रचार की राजनीति बंद करनी चाहिए। जनता को भ्रमित करने की राजनीति अधिक समय तक नहीं चल सकती।


जनता को भ्रमित कर नहीं चल सकती राजनीति

दूध का दूध, पानी का पानी हुआ:पंकज

लखनऊ। चुनाव आयोग के समर्थन में रविवार को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी उतरे। उन्हें पार्टी के राज्य मुख्यालय में मीडिया से बातचीत में कहा कि चुनाव आयोग की बैठक के बाद जारी प्रेस नोट से सब दूध का दूध और पानी का पानी हो गया है।

चुनाव आयोग के संयुक्त बयान से कांग्रेस और इंडी गठबंधन के झूठ का पर्दाफाश हो गया है। उनके भ्रम की मनगढ़ंत कहानियों की राजनीति पूरी तरह ध्वस्त हो गई है। पंकज चौधरी ने कहा कि कांग्रेस व अन्य विपक्षी दल चुनाव आयोग के मसले पर सिर्फ और सिर्फ झूठ, सनसनी और भ्रम फैला रहे हैं।

चार लिंक एक्सप्रेसवे का शिलान्यास अगले महीने

लखनऊ, विशेष संवाददाता। प्रदेश में प्रस्तावित चार लिंक एक्सप्रेसवे का शिलान्यास अगले महीने कराने की तैयारी की जा रही है। भूमि अधिग्रहण और टेंडर प्रक्रिया पूरी की जा चुकी है। यूपीडा ने तो इसी महीने भूमि पूजन की तैयारी की थी लेकिन खराब मौसम और अन्य तकनीकी दिक्कतों के कारण यह कार्यक्रम नहीं हो सका। माना जा रहा है कि नवरात्र में यह कार्यक्रम आयोजित किए जा सकते हैं।

यूपीडा ने फर्रुखाबाद लिंक एक्सप्रेसवे, पूर्वांचल लिंक एक्सप्रेसवे, झांसी लिंक एक्सप्रेसवे, जेवर लिंक एक्सप्रेसवे भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया पूरी कर ली है। गंगा लिंक एक्सप्रेसवे से फर्रुखाबाद होते हुए आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे को कनेक्ट किया जा रहा है। करीब 90 किमी कॉरिडोर इटावा, कन्नौज, मैनपुरी, फर्रुखाबाद, हरदोई होते हुए शाहजहांपुर में गंगा एक्सप्रेसवे को कनेक्ट करेगा। इस एक्सप्रेसवे के निर्माण में छह जिलों की 1339.04 हेक्टेयर भूमि का इस्तेमाल होगा।

पूर्वांचल लिंक एक्सप्रेसवे आगरा-लखनऊ और पूर्वांचल एक्सप्रेसवे को आपस में जोड़ेगा। करीब 50 किमी. लंबे कॉरिडोर में 643.60 हेक्टेयर भूमि इस्तेमाल होनी है। झांसी लिंक एक्सप्रेसवे के लिए जालौन तथा झांसी की 1539.19 हेक्टेयर भूमि में से 24 अगस्त तक 1313.08 हेक्टेयर भूमि अधिग्रहीत की जा चुकी थी। इसके टेंडर की प्रक्रिया पूरी कर एक से 15 अक्तूबर के बीच शिलान्यास कार्यक्रम प्रस्तावित किया गया है। इसी तरह यूपीडा ने जेवर लिंक एक्सप्रेसवे के लिए भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया लगभग पूरी कर ली है। माना जा रहा है कि नवरात्र में भूमि पूजन कार्यक्रम हो सकता है।

नवरात्र में तैयारी

- पूर्वांचल, फर्रुखाबाद, झांसी और जेवर लिंक एक्सप्रेस के लिए भूमि अधिग्रहण पूरा
- 30 सितंबर तक टेंडर प्रक्रिया पूरी हो जाएगी, एक से 15 अक्तूबर के बीच शिलान्यास
- यूपीडा ने मुख्यमंत्री के समक्ष दिया तैयारियों का प्रजेंटेशन, तैयारी में जुटा यूपीडा

'जनता को गुमराह कर रहा है विपक्ष'

लखनऊ। निषाद पार्टी के अध्यक्ष और राज्य सरकार में मंत्री डॉ. संजय निषाद भी रविवार को चुनाव आयोग के समर्थन में आए। उन्होंने इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में मीडिया से बातचीत में कहा कि समाजवादी पार्टी पूरी तरह से हताश है। जनता से लगातार मुंह की खाने के बाद अब विपक्षी दल संवैधानिक संस्थाओं पर सवाल खड़े करके जनता को गुमराह कर रहे हैं।

डॉ. निषाद ने कहा कि कांग्रेस और सपा हार मिलते ही कभी ईवीएम को दोष देते हैं तो कभी चुनाव आयोग पर आरोप लगाते हैं।

एटीएस संदिग्ध आतंकियों के बैंक खातों को भी खंगाल रही

फालोअप

लखनऊ, विशेष संवाददाता। आतंकवाद निरोधक दस्ता (एटीएस) ने प्रतिबंधित आतंकी संगठन अल-कायदा इन इंडियन सब-कॉटीनेंट (एक्यूआईएस) के संदिग्ध आतंकियों के बैंक खातों का भी ब्योरा जुटाया है। आरोपी नबील व मकसूद के अधिक संपर्क में रहे कुछ अन्य युवकों के बैंक खाते भी खंगाले जा रहे हैं।

एटीएस अल-कायदा इन इंडियन सब-कॉटीनेंट से जुड़े कई संदिग्ध युवकों की भूमिका की भी पड़ताल कर रही है। तमिलनाडु से गिरफ्तार आरोपी मकसूद पाकिस्तानी हैकरों से जुड़ा था। आशंका है कि उसने कई अन्य कट्टरपंथी युवकों को पाकिस्तानी नंबरों से संचालित वाट्सएप ग्रुपों से जुड़वाया था। छानबीन में अलग-अलग ग्रुप बनाकर संदिग्ध गतिविधियों को अंजाम दिए जाने के तथ्य भी सामने आए हैं। सेक्योर एप से संदिग्ध युवकों के बीच साझा किए गए संदेशों को ट्रेस करने का प्रयास भी किया जा रहा है।

मायावती ने चार सेक्टर प्रभारी बनाए

लखनऊ, विशेष संवाददाता। बसपा सुप्रीमो मायावती ने संगठन की सक्रियता व जनाधार बढ़ाने के लिए पार्टी के वरिष्ठ नेताओं को आगे किया है। पारिवारिक कलह से जूझ रही मायावती ने 23 सितंबर को छोटे भतीजे ईशान आनंद को राष्ट्रीय संयोजक बनाने के बाद अब पार्टी के दो सेक्टरों में चार केंद्रीय सेक्टर प्रभारी नियुक्त किए हैं। इनमें राज्यसभा सदस्य रामजी गौतम के अलावा वरिष्ठ नेता सुरेश राव, राजाराम व अतरसिंह राव के नाम शामिल हैं। यूपी व उत्तराखंड को सेक्टर तीन में रखा गया है, जिसकी निगरानी सीधे मायावती कर रही हैं।

मायावती ने रविवार को अपने एक्स अकाउंट पर कहा कि बसपा संगठन को तैयार करने व सर्वसमाज में पार्टी के जनाधार को बढ़ाने के लिए पार्टी को तीन सेक्टरों में बांटा गया है। जिसके तहत सेक्टर एक में 10 राज्य शामिल हैं, जिनकी निगरानी के लिए राज्यसभा सदस्य रामजी गौतम व सुरेश राव को केंद्रीय सेक्टर प्रभारी बनाया गया है। ऐसे ही सेक्टर दो में शामिल नौ राज्य की निगरानी का जिम्मा पूर्व राज्यसभा सदस्य राजाराम व पूर्व विधायक अतरसिंह राव को सौंपा गया है। इन दोनों नेताओं को भी केन्द्रीय सेक्टर प्रभारी बनाया गया है। सेक्टर तीन में उत्तर प्रदेश व उत्तराखंड को रखा गया है, निगरानी लखनऊ से होगी।

बसपा सुप्रीमों ने वरिष्ठों को तवज्जो दी

- राज्यसभा सदस्य रामजी गौतम को दी गई जिम्मेदारी
- सुरेश राव, राजाराम व अतरसिंह राव की भी नियुक्ति
- बसपा को देश में कुल तीन सेक्टरों में बांटा गया है
- यूपी-उत्तराखंड पर खुद नजर रख रहीं बसपा सुप्रीमो



इजहारुल-मदन कांग्रेस में शामिल

लखनऊ, विशेष संवाददाता। यूपी कांग्रेस में रविवार को बड़े पैमाने पर लोगों ने पार्टी की सदस्यता ली। इसमें पूर्व मंत्री इजहारुल हक और आगरा विव से ताल्लुक रखने वाले सपा छात्रसभा के डॉ. मदन मोहन शर्मा आदि शामिल रहे।

इजहारुल हक शिया कॉलेज के छात्रसंघ अध्यक्ष भी रह चुके हैं और उन्होंने लखनऊ लोकसभा सीट से बसपा के टिकट पर चुनाव भी लड़ा था। उनके साथ बहराइच की नानपारा सीट से प्रत्याशी रहे नईम अहम भी कांग्रेस में शामिल हुए। सदस्यता लेने वालों में मो. जफर, मो. सलमान खान, तनवीर, मो. शकील, मो. अजीम, हाजी रशीद खां, शराफत अली खां आदि शामिल रहे।

राजेंद्र पाल गौतम ने इस अवसर पर कहा कि भाजपा लोगों को धर्म और जाति के नाम पर लड़ाती है।

खींचतान पर सपा-कांग्रेस नेतृत्व सतर्क

राजनीति

लखनऊ, विशेष संवाददाता। सपा और कांग्रेस के बीच आए दिन हो रही बयानबाजी पर आने वाले दिनों में लगाम लग सकती है। दोनों पार्टियों का शीर्ष नेतृत्व इस तरह की बयानबाजी सतर्क है। दरअसल दोनों ही पार्टियां नहीं चाहतीं कि खींचतान या इस तरह की बयानबाजी से गठबंधन वोटरों में नकारात्मक संदेश जाए।

लोकसभा 2024 में यूपी में मिले नतीजों से उत्साहित दोनों पार्टियां अगले साल प्रस्तावित विधान सभा चुनाव भी एक साथ मिलकर लड़ेंगी। यह गठबंधन लगभग पूरी तरह तय हैं। हालांकि अब तक सीट बंटवारे पर कोई बात नहीं हुई है। इस बीच सीटों की संख्या को लेकर दोनों ही पार्टियों के कई नेताओं ने मोर्चा खोल रखा है। बयान और उस पर जवाबी हमले से माहौल में कुछ तल्खी महसूस की जा रही है। वहीं, दोनों पार्टियों का शीर्ष नेतृत्व महसूस कर रहा है कि इस तरह की बयानबाजी गठबंधन के वोटरों में नकारात्मक संदेश दे सकते हैं। अगर ऐसा हुआ तो गठबंधन का अपेक्षित परिणाम नहीं मिलेगा। इसके पहले कांग्रेस बिहार चुनाव में भी राजद के साथ आखिरी समय तक सीट बंटवारे पर चली खींचतान का परिणाम भुगत चुकी है।

कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व की तरफ से साफ इशारा किया जा चुका है कि वे अनर्गल बयानबाजी से बचें।

2024 सरीखी केमेस्ट्री तैयार करने की जुगत

सूत्र बताते हैं कि दोनों पार्टियां 2027 के विधानसभा चुनाव में वही केमेस्ट्री जमीन पर उतारना चाहती हैं, जो 2024 के लोकसभा चुनाव में बनी थी। दोनों पार्टियों के बीच हुए गठबंधन के बाद हर लोकसभा क्षेत्र में सपा और कांग्रेस के कार्यकर्ता एक साथ मिल कर काम करते दिखाई दिए थे। प्रत्याशी किसी भी दल का रहा हो, कार्यकर्ताओं ने उसे गठबंधन का संयुक्त प्रत्याशी ही मानकर काम किया था। न केवल कार्यकर्ता बल्कि शीर्ष स्तर पर भी नेताओं ने इस तरह का संदेश देने में कोई कसर नहीं रखी थी। सपा प्रमुख बाराबंकी में कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़ रहे तनुज पुनिया के लिए चुनाव प्रचार करने अकेले पहुंचे थे। इसी तरह का संदेश दोनों दल एक बार फिर 2027 के विधानसभा चुनाव में देते दिखाई देंगे।

युवाओं से अन्याय नहीं होने देंगे : अजय

लखनऊ। यूपी कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने रविवार को वर्तमान और पूर्व छात्रसंघ नेताओं के साथ संवाद किया। इस दौरान यूपी कांग्रेस प्रभारी राजेंद्र पाल गौतम और सह प्रभारी अब्दुल हन्नान भी उपस्थित रहे। अजय राय ने सभी युवा नेताओं को आश्वस्त किया कि कांग्रेस किसी भी युवा के साथ अन्याय नहीं होने देगी। उनके हर मसले पर वह सरकार से डटकर लड़ेगी।

अजय राय ने कहा कि युवाओं की लड़ाई मेरी लड़ाई है। उनकी पीड़ा मेरी पीड़ा है। राजेंद्र पाल गौतम ने कहा कि देश और प्रदेश के भविष्य को दिशा देने में युवाओं की भागीदारी अत्यंत महत्वपूर्ण है। युवाओं की आवाज को सुनना, उनके विचारों को समझना, अवसर देना हमारी प्राथमिकता है।

पंजाब नैशनल बैंक ...भरोसे का प्रतीक !
pnb punjab national bank ...the name you can BANK upon!
शाखा आफिस - एआरएमबी, लखनऊ
निकट कपूरथला चौराहा, अलीगंज, लखनऊ-226024
मो. नं. 7060027344 ईमेलः cs8272@pnb.bank.in

अचल सम्पत्तियों की बिक्री हेतु बिक्री सूचना

ई–नीलामी प्रक्रिया से "वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित के प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अन्तर्गत जो प्रतिभूति (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) एवं 9(1) के साथ पठित है, अचल/चल संपत्तियों की बिक्री के लिए सार्वजनिक सूचना।

जनसाधारण और विशेष रूप से उधारकर्ताओं, जमानतकर्ताओं, बंधककर्ताओं को सूचित किया जाता है कि नीचे वर्णित अचल/चल संपत्ति(यों) जिन्हें बैंक के पक्ष में गिरवी/बंधक रखा गया था एवं जिनका रचनात्मक कब्जा (सांकेतिक/भौतिक) पंजाब नैशनल बैंक (प्रतिभूत लेनदार) के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा ले लिया गया है की ई–नीलामी **'जहाँ है जैसा है", "जहां है जो है" और "जो भी हो"** के अनुसार निम्नलिखित उधारकर्ता(ओं), बंधककर्ता(ओं) और जमानतकर्ताओं से प्रतिभूत राशि की वसूली के लिए की जाएगी। बिक्री की तारीख, आरक्षित मूल्य, EMD राशि एवं अचल संपत्ति का संक्षिप्त विवरण (कोई अधिभार ज्ञात नही) निम्नानुसार है। ऋणियों/ जमानतकर्ताओं /बंधककर्ताओं का ध्यान प्रतिभूत आस्तियों के मोचन के लिए उपलब्ध समय के संदर्भ में अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के उपबन्धों की ओर आकृष्ट किया जाता है।

बिक्री हेतु बंधक सम्पत्ति का विवरण

क्र सं	शाखा का नाम / खाते का विवरण / उधारकर्ता/जमानतकर्ता/ खाता का नाम एवं पता	अचल सम्पत्ति का विवरण बंधक/सम्पत्ति मालिक का नाम (बंधक सम्पत्ति/यां) (परिसम्पत्ति से सम्बन्धित सभी भाग व एवं हिस्सों सहित)	अ)डिमांड नोटिस की तिथि 13(2)सरफेसी नियम 2002 / ब)बकाया राशि / स) कब्जा की तिथि, 13(4) सरफेसी नियम 2002 / द)कब्जा का प्रकार–रचनात्मक/सांकेतिक/भौतिक कब्जा	अ)आरक्षित मूल्य / ब)धरोहर धनराशि (धरोहर राशि जमा करने की अंतिम तिथि) / स) वृद्धिशील बिड धनराशि	ई–नीलामी की तिथि व समय	प्रतिभूत लेनदार को ज्ञात अधिभार का विवरण

धरोहर धनराशि जमा करने हेतु खाते का विवरण : खाता नं. 827200317118A आईएफएस कोड (IFS code)-PUNB0827200
नोडल अधिकारी - श्री ए. पी. मिश्रा, मुख्य प्रबन्धक, एआरएमबी, लखनऊ, मो. +91 7060027344

1	शाखा : लखनऊ चारबाग(146800) खाता का नाम–मेसर्स यशवी इन्फोटेक उधारकर्ताः मेसर्स यशवी इन्फोटेक, प्रोपराईटर/ बंधककर्ता–श्रीमती रुचिता महाजन पत्नी श्री कमल कुमार महाजन पता 1. मकान नं. 177–बी सेक्टर बी, हिंद नगर कॉलोनी, कानपुर रोड योजना लखनऊ 226012, पता 2. दुकान नं. 21 प्रथम तल रतन प्लाजा आर्य नगर रोड नाका हिंडोला लखनऊ 226004, जमानतकर्ता /बंधककर्ता–श्री कमल कुमार महाजन पुत्र व श्री देव राज पता 1. मकान नं. 177–बी सेक्टर बी, हिंद नगर कॉलोनी, कानपुर रोड योजना लखनऊ 226012, 2. दुकान नं. 2,12,13 रतन प्लाजा आर्य नगर रोड नाका हिंडोला लखनऊ – 226004	दुकान संख्या 21, प्रथम तल, बिल्डिंग संख्या 147, 148 रतन प्लाजा, आर्य नगर रोड, नाका हिंडोला लखनऊ जोकि श्रीमती रुचिता महाजन एवं श्री कमल कुमार महाजन के नाम पर है। क्षेत्रफल 6.50 वर्ग मीटर चौहददीः पूर्वः गुरुद्वारा, पश्चिमः गैलरी उत्तरः दुकान एफएफ 1, दक्षिणः सीढ़ी एवं शटर,	अ) 18.09.2024 / ब)रू. 55,60,775.08 (दिनांक 31-08-2026 को +ब्याज एवं अन्य खर्चे, घटाओं वसूली यदि कोई हो तो, दिनांक 01-09-2026 से प्रभावी) / स) 05.12.2024 / द) सांकेतिक कब्जा	अ)रू. 9,38,000/- / ब)रू. 93,800/- 12-10-2026 अपरान्ह 4.00 बजे तक / स)रू. 10,000/-	13.10.2026 पूर्वान्ह 11.00 बजे से अपरान्ह 4.00 बजे	कोई अधिभार ज्ञात नही

नियम एवं शर्तें– बिक्री वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुर्ननिर्माण तथा प्रतिभूति हित के प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के नियम एवं शर्तें की पुष्टिकरण के अधीन होगी। 1. सम्पत्तियों की बिक्री "जहाँ है वैसा है", "जैसा है वैसा है" और "जो भी हो" के आधार पर की जायेगी। 2. बंधक सम्पत्ति से सम्बन्धित निर्दिष्ट जानकारी बैंक के पास उपलब्ध सूचना के आधार पर प्राधिकृत अधिकारी द्वारा अंकित किये गये है। प्राधिकृत अधिकारी किसी भी त्रुटि गलत बयान या बिक्री सम्बन्धी घोषणा में हुई चूक हेतु जवाबदेही नही होगा। 3. बिक्री प्राधिकृत अधिकारी द्वारा ई–नीलामी प्लेटफार्म वेवसाइट https://baanknet.com पर की जायेगी। 4. विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए, कृपया https://baanknet.com में दिए गए लिंक को देखें।

बिक्री सूचना सरफेसी एक्ट 2002 के अधीन नियम 8(6) एवं 9(1) के अन्तर्गत वैधानिक चेतावनी है।

दिनांक 24.09.2026, स्थान लखनऊ — प्राधिकृत अधिकारी, पंजाब नैशनल बैंक, प्रतिभूत लेनदार

राज्य सभा चुनाव | प्रत्याशियों के ऐलान में फिर चौंका सकती है भाजपा, हरदीप पुरी-बीएल वर्मा की दावेदारी पर संशय

स्मृति और हरीश संग राजवीर पर दांव संभव

लखनऊ, विशेष संवाददाता। यूपी के सियासी हलकों में इन दिनों प्रदेश कोटे की 10 राज्यसभा सीटों को लेकर ह